सं. जेड-14014/2/2023-जीसी एण्ड पार्लि.(ई-3012849)

भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(भूमि संसाधन विभाग)

एनबीओ बिल्डिंग, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110011,
दिनांक: 22.11.2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: अक्तूबर, 2023 माह के दौरान भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार - के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को अक्तूबर, 2023 माह के लिए भूमि संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न करने का निदेश हुआ है।

**संलग्नकः यथोक्त।**

अर्जुन राणा
(अर्जुन राणा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 011-23044653

**सेवा में,**

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

**प्रतिलिपि प्रेषित:-**

1. भारत की माननीया राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
2. भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली -110011
3. भारत के माननीय प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली।
7. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली।
9. सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली।

10. सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली।
11. सचिव, विद्युत मंत्रालय, नई दिल्ली।
12. सचिव, खान मंत्रालय, नई दिल्ली।
13. सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।
14. सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली।
15. सचिव, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
16. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली।
17. सचिव, व्यय विभाग, नई दिल्ली।
18. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली।
19. सचिव, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली।
20. सचिव, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली।
21. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
22. तकनीकी निदेशक (एनआईसी), भूमि संसाधन विभाग, को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**प्रतिलिपि सूचनार्थः**

1. माननीय ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री के निजी सचिव।

2. माननीया राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण) के निजी सचिव।

3. माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास तथा इस्पात) के निजी सचिव।

**अक्टूबर, 2023 के दौरान भूमि संसाधन विभाग की महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार**

1. भूमि संसाधन विभाग ने दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को निर्माण भवन, नई दिल्ली में **राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य उच्च रिज़ॉल्यूशन उपग्रह डेटा का उपयोग करके, देश भर में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) की सभी परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करना है। इस समझौता ज्ञापन पर अंतरिक्ष विभाग के सचिव/अध्यक्ष, इसरो और सचिव (भूमि संसाधन विभाग) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। बैठक में भूमि संसाधन विभाग और अंतरिक्ष विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में दृष्टि 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन और सृष्टि 2.0 वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया।

2. सचिव (भूमि संसाधन) ने दिनांक 12 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित **राष्ट्रव्यापी सीओआरएस नेटवर्क और हितधारक सम्मेलन** के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। सचिव (भूमि संसाधन) ने अपने संबोधन में भूमि प्रशासन और प्रबंधन में भू-स्थानिक डेटा के महत्व पर जोर दिया।

3. डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत **दक्षिणी क्षेत्र की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक (भूमि संवाद-VI)** दिनांक 13 अक्तूबर, 2023 को विशाखापत्तनम में सचिव (भूमि संसाधन) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में भूमि संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल के राजस्व और रजिस्ट्रीकरण विभागों के राज्य स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में डीआईएलआरएमपी की भौतिक और वित्तीय प्रगति और राज्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं की समीक्षा के अलावा, मातृभूमि जियोपोर्टल का प्रायोगिक शुभारंभ किया गया। इस बैठक में भाग लेने वाले राज्यों के समक्ष ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन भी किया गया।

4. सचिव (भूमि संसाधन) ने दिनांक 13 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली में **पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि प्रबंधन** पर बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में मेघालय सर्वेक्षण विभाग के प्रतिनिधियों और गारो, खासी और जयंतिया हिल स्वायत्त परिषदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सचिव (भूमि संसाधन) ने जोर दिया कि भूमि प्रशासन और प्रबंधन

प्रशासन प्रणाली का महत्वपूर्ण भाग है और पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

5. **विश्व बैंक से सहायता प्राप्त रिवार्ड कार्यक्रम की राष्ट्र स्तरीय संचालन समिति (एनएलएससी)** की दूसरी बैठक दिनांक 4 अक्तूबर, 2023 को नई दिल्ली में सचिव (भूमि संसाधन) की अध्यक्षता में आयोजित की गई । भूमि संसाधन विभाग और ओडिशा तथा कर्नाटक राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों और विश्व बैंक टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। विभाग द्वारा दिनांक 27 अक्तूबर, 2023 को विश्व बैंक सहायता प्राप्त रिवार्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

6. विभाग ने दिनांक 9 अक्तूबर, 2023 को अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, सिक्किम, तमिलनाडु, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख राज्यों के साथ **स्प्रिंगशेड प्रबंधन का कार्यान्वयन** पर समीक्षा/विचार-विमर्श बैठक आयोजित की। विभाग द्वारा डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई परियोजनाओं की समीक्षा के लिए दिनांक 18-19 अक्तूबर, 2023 को कोहिमा, नागालैंड में पूर्वोत्तर राज्यों की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक और स्प्रिंगशेड प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई ।

7. भूमि संसाधन विभाग में **सहायक सचिव** के रूप में प्रतिनियुक्त वर्ष 2021 बैच के तीन भा.प्र.से. अधिकारियों ने दिनांक 13 अक्तूबर, 2023 को अपना 7 सप्ताह का कार्यकाल पूरा किया। इस अवधि के दौरान माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने सहायक सचिवों के साथ बैठक की।

8. विभाग ने महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दिनांक 01 अक्तूबर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे शिवाजी स्टेडियम बस टर्मिनल (एनडीएमसी क्षेत्र), नई दिल्ली में **"श्रमदान-स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस)"** के भाग के रूप में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया।

9. भूमि संसाधन विभाग ने लंबित मामलों को कम करने और स्वच्छता को संस्थागत बनाने के लिए दिनांक 02 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2023 तक **विशेष अभियान 3.0** में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह अभियान इसके तीनों कार्यालयों में सफलतापूर्वक

कार्यान्वित किया गया। माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने समय-समय पर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। सचिव (भूमि संसाधन) ने सभी वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों/प्रभागीय प्रमुखों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठकें कीं। विभाग ने 100 प्रतिशत लोक शिकायतों का निपटान, 3652 भौतिक फाइलों की समीक्षा, 588 फाइलों के नष्टीकरण, 866 ई-फाइलों की समीक्षा और 269 ई-फाइलों को बंद करके सफल स्वच्छता अभियान के निष्पादन द्वारा महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त किया । विशेष अभियान 3.0 के दौरान, निम्नलिखित सर्वोत्तम कार्यों को किया :

क)भूमि संसाधन विभाग ने अक्तूबर, 2023 के दौरान कर्मचारियों के लाभार्थ अपने **रेजुवे वेलनेस सेंटर** में **'हेल्थ एंड वेल बीइंग'** पर छह सत्रों का आयोजन किया। उक्त सत्रों में आयुर्वेद और निवारक स्वास्थ्य देखभाल, स्वस्थ खानपान की आदतें, योग अभ्यास, संतुलित जीवन शैली और जीवन जीने की कला, होमियोपैथी और मानसिक स्वास्थ्य तथा जीवन की वास्तविकताओं को स्वीकार करना शामिल हैं। हृदय गति रुक जाने के समय मानव जीवन को बचाने के लिए कार्डियो पलमोनरी रीससीटेशन (सीपीआर) देने के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया ।

ख)विभाग द्वारा **'माई प्लांट, माई लाइफ'**, अभियान के तहत कार्यालयों में 'जलवायु के अनुरूप व्यक्तिगत कार्यकलाप' को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूक बनाने हेतु एक पहल की गई। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य स्थल पर दैनिक रूप से इंडोर प्लांट लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । इस पहल के तहत कर्मचारियों ने अपने डेस्क पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी स्वयं देखभाल करने में बहुत रुचि दिखाई।

ग) **'सेविंग एनर्जी फॉर लाइफ',** अभियान **के** तहत 'जलवायु के अनुरूप व्यक्तिगत कार्यकलाप' को बढ़ावा देने के लिए विभाग के सभी अधिकारियों को सामान्य कार्य जैसे भोजनावकाश के समय कार्यालय के कक्षों/चेम्बर की लाइट स्विच ऑफ करने के लिए प्रेरित किया गया। कर्मचारियों ने भोजनावकाश के दौरान ऊर्जा बचाने के लिए गलियारों सहित अपने कक्षों की लाइट स्विच ऑफ करने में विशेष रुचि दिखाई। इसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान प्रति माह औसतन 3717.27 के डब्ल्यूएच बिजली की बचत हुई।

घ) **'खोज' - अभिलेख प्रबंधन प्रणाली,** पुराने अभिलेखों की सुगमता से पहचान के लिए **'खोज'** नामक विशेष पहल द्वारा डिजिटीकरण किया गया है, जिसमें बारकोड पर क्लिक करके पुराने अभिलेखों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

10. विभाग ने दिनांक 31 अक्तूबर, 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के विशेष अवसर पर **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** (नेशनल यूनिटी डे) मनाया ताकि सुरक्षा, एकता और अखंडता के खतरों का सामना करने के लिए हमारे लोगों की अंतर्निहित सुदृढ़ता और समुत्यथान शक्ति को पुनः जागृत किया जा सके। इसी दिन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लिया। यह विभाग दिनांक 30 अक्तूबर से 5 नवंबर, 2023 के दौरान 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मना रहा है। विभाग के तीनों कार्यालयों में दिनांक 30 अक्तूबर, 2023 को शपथ दिलाई गई।

11 **प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के वॉटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई)** के तहत, कुल 6382 {8214 (स्वीकृत) - 1832 (राज्यों को अंतरित)} परियोजनाओं में से अब तक 6376 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। अभी तक 6120 परियोजनाओं की एंड लाइन मूल्यांकन रिपोर्टें प्राप्त हो चुकी हैं।

12. डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के विभिन्न घटकों की प्रगति (संचयी) की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार हैः

(i) 6,22,979 गांवों के भूमि अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया।
(ii) 5,037 उप रजिस्ट्रार कार्यालयों में रजिस्ट्रीकरण का कंप्यूटरीकरण पूरा किया गया।
(iii) 1,31,44,139 भूकर मानचित्रों/एफएमबी/टिप्पनों का डिजिटलीकरण पूरा किया गया।
(iv) 4,574 उप रजिस्ट्रार कार्यालयों का भूमि अभिलेखों के साथ एकीकरण पूरा किया गया।
(v)3,341 तहसीलों में आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना का कार्य पूरा किया गया ।

*****